प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 31.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- झारखंड के नए राज्यपाल के रूप में संतोष गंगवार ने ली शपथ, राज्यपाल ने कहा–अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करेंगे और राज्य की जनता के कल्याण के लिए काम करेंगे।

2- झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के चौथे दिन भाजपा विधायकों ने सदन के अंदर और बाहर किया विरोध प्रदर्शन, सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए हुई स्थगित।

3- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पाकुड़ के पुलिस अधीक्षक को निलंबित करने और आदिवासी छात्रों पर लाठीचार्ज करनेवाले पुलिस अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की।

4- देवघर से रांची आ रही बस गिरिडीह के सरिया में हुई दुर्घटनाग्रस्त, कई कांवड़िया हुए घायल।

5- मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान अच्छी बारिश होने की जताई संभावना।

*******************

राज्यपाल संतोष गंगवार ने राज्य के राज्यपाल के पद पर शपथ लेने के बाद कहा कि वे अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करेंगे और राज्य की जनता के कल्याण के लिए काम करेंगे। आज राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित एक समारोह में झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एसएन प्रसाद ने उन्हें राज्यपाल पद की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभाध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, मंत्री मिथलेश ठाकुर, इरफान अंसारी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीश, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी तथा विभिन्न विभागों के सचिव भी उपस्थित रहे।

*******************

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र के चौथे दिन आज भाजपा विधायकों ने विधानसभा के अंदर और बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया है। आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, रसोईया, पारा शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मी, होमगार्ड जवान और मनरेगा कर्मियों के मुद्दों समेत कई अन्य विषयों को लेकर विधानसभा में सदन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने सत्ताधारी दलों के नेताओं पर सत्ता में आने से पहले सभी अनुबंध कर्मियों को सरकार ने झूठा आश्वासन देकर सत्ता हासिल करने का आरोप लगाया है। प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बावरी ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल का यह आखिरी सत्र है। सत्ता में आने से पहले जो युवाओं को और अनुबंध कर्मियों को महागठबंधन ने सपना दिखाया था उन वादों और घोषणाओं का जवाब राज्य की जनता को देना चाहिये। हंगामें के कारण विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पाकुड़ में आदिवासी छात्रों की पिटाई करनेवाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पाकुड़ के गाय बथान की घटना के खिलाफ आदिवासी छात्र 27 जुलाई को आक्रोश रैली निकालने वाले थे।

बाबूलाल मरांडी ने पाकुड़ में पुलिस की पिटाई से घायल आदिवासी छात्रों से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली।

*******************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता और प्रशिक्षण योजना के दूसरे चरण के पोर्टल का शुभारम्भ किया और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से प्रशिक्षण की राशि के रूप में 100 करोड़ रुपये जारी किए। इस योजना का उद्देश्य प्रशिक्षुता का लोकतंत्रीकरण करना, युवा आकांक्षाओं को पूरा करना और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर श्री प्रधान ने कहा कि यह मंच छात्रों को कौशल बढ़ाने और उद्योग

निकायों के अनुकूल बनने के अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत छह महीने से 18वें महीने की प्रशिक्षुता अवधि के दौरान छात्रों को चार हजार पांच सौ रुपये प्रति माह प्रदान किए जाएंगे।

*******************

दिल्ली हाईकोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन और उनके परिवार की संपति की जांच के मामले में लोकपाल के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर अब 4 दिसंबर को सुनवाई होगी। बीजेपी के गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने 2020 में लोकपाल के समक्ष शिकायतवाद दर्ज करायी थी। निशिकांत ने राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था। लोकपाल ने 22 फरवरी 2024 को शिबू सोरेन के खिलाफ दाखिल शिकायत पर फैसला सुनाते हुए सीबीआई को जल्द से जल्द जांच करने का आदेश दिया था। इसके बाद लोकपाल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़े इस मामले में सीबीआई को प्रारंभिक जांच छह महीने के अंदर पूरी करने का निर्देश दिया था।

*******************

गिरिडीह जिला प्रशासन अवैध आर्थिक अपराध रोकने के लिए लगातार कार्रवाई कर रहा है। डुमरी के एसडीओं ने लोगों से बालू की तस्करी रोकने में जिला प्रशासन को मदद करने की अपील की है। वहीं कल रात में पुलिस ने छापेमारी कर 9 ट्रैक्टर बालू जब्त किया है।

*******************

देवघर के बाबाधाम से जलाभिषेक कर आज अहले सुबह रांची लौट रहे यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र के नीमाटांड़ के पास पलट गई। घटना में कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। सूत्रों के अनुसार, चालक को नींद आ जाने के कारण बस से नियंत्रण खो बैठा और बस पलट गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों के साथ प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुट गया। घायलों को स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

*******************

भारतीय सूचना सेवा से सेवानिवृत्त सुरेश चंद्र शर्मा का आज नई दिल्ली में निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे। श्री शर्मा वर्ष 2000 में समाचार सेवा प्रभाग से संयुक्त निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने सूचना प्रसारण मंत्रालय की कई मीडिया इकाईयों में सेवाएं प्रदान की।

*******************

मौसम विभाग के अनुसार,राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान अच्छी बारिश होने की संभावना जताई गई है। दो दिन पहले छत्तीसगढ़ के ऊपर बना साईक्लोनिक सरकुलेशन अब झारखंड और आसपास के क्षेत्र में कम दिखाई दे रहा है। राज्य के नौ जिलों में मानसून में थोड़ा सुधार हो रहा है। राजधानी रांची सहित कई जिलों में बारिश की कमी का प्रतिशत लगभग 35 है। इनमें सरायकेला, गोड्डा, साहिबगंज, सिमडेगा, रांची, लातेहार, खूंटी, धनबाद और बोकारो शामिल है।

*******************

भारत ने श्रीलंका से तीन मैचों की ट्वेन्टी–ट्वेन्टी क्रिकेट श्रंखला तीन–शून्य से जीत ली है। पल्लेकेले में कल तीसरे और अंतिम मैच में भारत ने श्रीलंका को सुपर ओवर में हरा दिया।

*******************

हजारीबाग के फुटबॉल खिलाड़ियों को नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय ने छत्तीसगढ़ रवाना किया है। हजारीबाग न्यू स्टेडियम में 20 जुलाई 2024 को झारखंड के अंडर –17 बालक वर्ग का ट्रायल हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में किया गया था। नेशनल चैंपियनशिप में झारखंड का पहला मैच 3 अगस्त को दिल्ली के साथ होगा।

*******************

पेरिस ओलिम्पिक्स के पांचवे दिन आज भारतीय खिलाडी मुक्केबाजी, तीरंदाजी, बैडमिंटन और निशानेबाजी में स्पर्धा करेंगे। दो बार ओलिम्पिक पदक जीत चुकी लवलीना बोर्गोहाइन अपने सेकेन्ड ग्रुप मैच में एस्टोनिया में क्रिस्टीन कुबा से खेलेंगी। पुरुषों के सिंगल्स में दोपहर बाद एक बजकर चालीस मिनट पर लक्ष्यसेन सेन इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से खेलेंगे, जबकि एस एस प्रणॉय का सामना रात 11 बजे वियतनाम के डक फैट ले से होगा।

******समाप्त**************